कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः–शिविरा/माध्य/शालादर्पण/60304/2018/225 दिनांकः– 24.9.18

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
   माध्यमिक शिक्षा
2. समस्त संस्था प्रधान
   माध्यमिक शिक्षा

विषयः–शाला दर्पण पोर्टल पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों, कार्मिकों तथा अन्य मॉड्यूल्स से संबंधित सूचनाएं अपडेट करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शाला दर्पण पोर्टल पर निम्नानुसार कार्य सात दिवस में पूरा कर अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करें–

1. विद्यालय में सत्र 2018–19 में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रवेश शालादर्पण पर दर्ज कर आधार नंबर सहित विस्तृत विवरण प्रपत्र–9 की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।
2. विद्यालयों/कार्यालयों में कार्यरत समस्त कार्मिकों का विस्तृत विवरण प्रपत्र–10 फोटो सहित अपडेट करें।
3. जिन विद्यालयों का नवीन इन्फ्रास्ट्राक्चर मॉड्यूल अपूर्ण है वे इसकी अविलम्ब पूर्ति करना सुनिश्चित करें।
4. सत्र 2018–19 के दौरान कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरण का विवरण शालादर्पण पर अपडेट करें।
5. दिनांक 10.09.2018 को आयोजित अध्यापक–अभिभावक बैठक(PTM) की सूचना शाला दर्पण पर अपडेट करें।

समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधिकार क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के उपरोक्तानुसार कार्य शालादर्पण पर सात दिवस में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार जयपुर को सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक रामाशिप, जयपुर।
3. प्रभारी शाला दर्पण प्रकोष्ठ जयपुर को आवंटित जिलों के प्रभावी प्रबोधन हेतु प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्तानुसार कार्य पूर्ण करवावें।
4. समस्त उप निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ जिलों में प्रभावी प्रबोधन कर शाला दर्पण पोर्टल को अपडेट करवावें।
5. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर